इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 41] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 14 अक्टूबर 2011—आश्विन 22, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 सितम्बर 2011

क्र. ई-1-340-2011-5-एक.—(1) श्री चन्द्रहास दुबे भाप्रसे (1994), पुनर्वास आयुक्त एवं नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पुनर्वास विभाग तथा पदेन अपर राहत आयुक्त की सेवाएं अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के पद पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को सौंपी जाती है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री चन्द्रहास दुबे द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम, 9 के अन्तर्गत उक्त असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में नियमावली 2007 की अनुसूची-II में सम्मिलित सचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

(3) उपरोक्त पद 1 के अनुक्रम में श्री चन्द्रहास दुबे द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. सी. मिश्रा, भाप्रसे (1991) प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम केवल प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(4) श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, भाप्रसे (1995), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्य राज्य सड़क परिवहन निगम को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

आगामी आदेश तक पुनर्वास आयुक्त एवं नियंत्रक, शासन मुद्रण एवं लेखन सामग्री तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग एवं पदेन अपर राहत आयुक्त का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2011

क्र. ई-5-558-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद कुमार, आयएएस., श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर को दिनांक 1 से 10 अक्टूबर 2011 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 11 अक्टूबर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री विनोद कुमार की अवकाश अवधि में श्री शैलेन्द्र सिंह, आयएएस., आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश, इन्दौर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद कुमार को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री विनोद कुमार द्वारा श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शैलेन्द्र सिंह, श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इन्दौर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री विनोद कुमार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2011

क्र. ई-5-372-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) डॉ. पुखराज मारू, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग को दिनांक 10 से 14 अक्टूबर 2011 तक, पांच दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 8, 9 अक्टूबर 2011 एवं 15, 16 अक्टूबर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) डॉ. पुखराज मारू की अवकाश की अवधि में श्री संजय कुमार सिंह, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा संस्कृति विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, श्रम विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. पुखराज मारू को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. पुखराज मारू द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, श्रम विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री संजय कुमार सिंह, श्रम विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. पुखराज मारू को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. पुखराज मारू अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2011

क्र. ई-5-496-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री अनिल कुमार जैन, आयएएस., विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 20 सितम्बर 2011 द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2011 से 4 अक्टूबर 2011 तक, सात दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2011

क्र. ई-5-893-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आशुतोष अवस्थी, आयएएस., उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 19 सितम्बर 2011 से 18 अक्टूबर 2011 तक, तीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आशुतोष अवस्थी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आशुतोष अवस्थी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आशुतोष अवस्थी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2011

क्र. एफ-13-9-11-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 1 की इकाई क्रमांक 2 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम.पी./3211 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 13 सितम्बर 2011 से 12 दिसम्बर 2011 तक तीन माह के लिए छूट देता है:—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश, इन्दौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उपर्युक्त अधिनियम की धारा 2 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

क्र. एफ-13-10-2011-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, संजय गांधी ताप विद्युत् गृह क्रमांक 3 की इकाई क्रमांक 5 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम.पी./4672 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 26 जून 2011 से 25 दिसम्बर 2011 तक छः माह के लिए छूट देता है:—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश, इन्दौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उपर्युक्त अधिनियम की धारा 2 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत कुमार व्यास, सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2011

क्र. एफ-7-31-2011-बत्तीस-1.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 13 सितम्बर 2011 द्वारा श्री मज्जीद भाई को देवास विकास प्राधिकरण, देवास में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया था, को मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 1975 के नियम 17 के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा इन्हें उपाध्यक्ष के पद से पदमुक्त करता है.

(2) मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 1973 की धारा 40, सहपठित मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 1975 के नियम 17 के अध्यधीन, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री मतीन अहमद शेख पिता श्री वली मोहम्मद शेख को आगामी आदेश तक देवास विकास प्राधिकरण, देवास में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया जाता है.

क्र. एफ-3-10-2010-बत्तीस-1, 2.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 40(ख) एवं (घ) के अन्तर्गत क्रमशः निम्नांकित पदेन सदस्य रहेंगे:—

(1) कलेक्टर, जिला रतलाम अथवा उसका नामनिर्देशित

(2) आयुक्त, नगरपालिक निगम, रतलाम

(2) मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 40(ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, रतलाम नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकारी में निम्नलिखित अधिकारियों को शासकीय सदस्य नियुक्त करता है:—

(1) सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला रतलाम. — सदस्य

(2) वन मण्डलाधिकारी, वनमण्डल, रतलाम — सदस्य

(3) कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रतलाम. — सदस्य

(4) कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, रतलाम. — सदस्य

(5) कार्यपालन यंत्री, मध्यप्रदेश विद्युत् मण्डल, रतलाम. — सदस्य

आशीष सक्सेना, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 30 सितम्बर 2011

फा. क्र. 1(सी)-19-11-इक्कीस-ब(दो)-**संशोधन आदेश.**—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेशों दिनांक 9 सितम्बर 2011 में निम्नानुसार संशोधन करती है:—

उक्त आदेश की पंक्ति 03 में जिला अभियोजन अधिकारी के स्थान पर ''विशेष लोक अभियोजन अधिकारी'' शब्द प्रतिस्थापित किया जाता है एवं पंक्ति 06-07 में अथवा दो वर्ष की अवधि तक जो भी कम हो तक, शब्द विलोपित किये जाते हैं.

फा. क्र. 1(सी)-19-11-इक्कीस-ब(दो)-**संशोधन आदेश.**—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेशों दिनांक 6 अगस्त 2011 में निम्नानुसार संशोधन करती है:—

उक्त आदेशों के पंक्ति 03 में ''सहायक'' एवं पंक्ति 06 में ''अथवा दो वर्ष की अवधि तक जो भी कम हो तक'' के शब्द विलोपित किये जाते हैं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 सितम्बर 2011

क्र. एफ-3-85-2011-बत्तीस.—राज्य शासन मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1996) की धारा 17क(1) के अन्तर्गत चाकघाट विकास योजना 2021 हेतु निम्नानुसार समिति का गठन करता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17-क(2) के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17क(1) की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	अध्यक्ष	नगर पंचायत, चाकघाट	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, रीवा	सदस्य
(ग)	सांसद	लोक सभा क्षेत्र, रीवा	सदस्य

(1)	(2)	(3)	(4)
(घ)	विधायक	विधान सभा क्षेत्र, त्यौंथर	सदस्य
(ङ)	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, त्यौंथर	सदस्य
(छ)	सरपंच	ग्राम पंचायत सतपुरा (सम्मिलित ग्राम सेगरवार)	सदस्य
(ज)	1. प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला रीवा	सदस्य
	2. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया	सदस्य
	3. प्रतिनिधि	काउंसिल ऑफ आर्कीटेक्चर ऑफ इंडिया	सदस्य
	4. प्रतिनिधि	इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स ऑफ इंडिया	सदस्य
	5. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग	सदस्य
	6. प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां., ...	सदस्य
	7. प्रतिनिधि	मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत, चाकघाट, जिला रीवा.	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, रीवा	समिति संयोजक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

आदेश

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2011

क्र. एफ. 67-274-10-तीन-1642.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत लांजी, जिला बालाघाट** के आम निर्वाचन में **श्रीमती प्रमीला/सतीश मानकर** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत लांजी, जिला बालाघाट** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 28 जुलाई 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 28 अगस्त 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी **बालाघाट** के पास दाखिल

किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **बालाघाट** के पत्र क्र. क/424/स्था.निर्वा./10, दिनांक 6 अक्टूबर 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती प्रमीला/सतीश मानकर** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया. उनके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखे 32 (बत्तीस) दिन विलंब से प्रस्तुत किये गये.

विलंब से निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती प्रमीला/सतीश मानकर** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 23 नवम्बर 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **बालाघाट** के माध्यम से दिनांक 9 दिसम्बर 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक की स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती प्रमीला/सतीश मानकर को नोटिस दिनांक 9 दिसम्बर 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक **24 दिसम्बर 2010** तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. कलेक्टर, **बालाघाट** ने अपने पत्र दिनांक 28 मार्च 2011 में लेख किया कि "अभ्यर्थी श्रीमती प्रमीला/सतीश मानकर द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा विलंब से प्रस्तुत करने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्त होने के पश्चात् भी कोई लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.". **उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत** आयोग द्वारा दिनांक 14 जुलाई 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष दिनांक 29 अगस्त 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली कलेक्टर, बालाघाट द्वारा दिनांक 2 अगस्त 2011 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती प्रमीला/सतीश मानकर** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत लांजी, जिला बालाघाट** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

कार्यालय, कलेक्टर एवं उपसचिव, जिला होशंगाबाद, मध्यप्रदेश
(जिला दण्डाधिकारी)

होशंगाबाद, दिनांक 3 मई 2011

पत्र क्र. 6312-सां.लि.-2011.—सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग के पत्र क्रमांक एफ-2(क)-9-08-बी-3-दो, दिनांक 30 जुलाई 2010 से जिले के भीतर थानों/चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कलेक्टर समिति को दिये गये हैं.

शासन के उक्त निर्देशों के तहत थानों की ग्रामों से दूरी को दृष्टिगत रखते हुए थाना सोहागपुर के निम्नलिखित 10 ग्राम, थाना पिपरिया में तथा थाना पिपरिया के 20 ग्राम, थाना सोहागपुर में सम्मिलित किये जा रहे हैं:—

थाना सोहागपुर के निम्न 10 ग्राम थाना पिपरिया में सम्मिलित करने हेतु

क्रमांक	ग्राम का नाम
1.	खैरी कला
2.	मुहारी कला

थाना पिपरिया के निम्न 20 गांव थाना सोहागपुर में सम्मिलित करने हेतु

क्रमांक	ग्राम का नाम	क्रमांक	ग्राम का नाम
1.	ताला खेडी	11.	मोकलवाडी
2.	भट्टी	12.	बढैयाखेड़ी

क्रमांक	ग्राम का नाम	क्रमांक	ग्राम का नाम	क्रमांक	ग्राम का नाम
3.	मुहारी खुर्द	3.	निवारी	13.	चंदेरी
4.	हथनीखापा	4.	काजलखेड़ी	14.	अजंनेरी
5.	सांगई	5.	ढिकवाडा	15.	भौखेडी
6.	कूकरा	6.	अजेरा	16.	रानी पिपरिया
7.	पट्टल	7.	माछा	17.	रनमौथा
8.	सोनपुर	8.	बैगनिया	18.	तिघडा
9.	नांदनेर	9.	पांजरा	19.	बरूआढाना
10.	परसीपानी	10.	छिरमटा	20.	रैपुरा

निशांत वरवड़े, कलेक्टर एवं उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, ग्वालियर, मध्यप्रदेश

ग्वालियर, दिनांक 30 सितम्बर 2011

क्र. एस.डब्ल्यू.-9361-11.—मध्यप्रदेश शासन की स्वीकृति उपरांत ग्वालियर जिले में नवीन पुलिस थाना हजीरा की सीमा का निर्धारण किया गया है जो निम्नानुसार है:—

पुलिस थाने का नाम (तहसील व जिला) जिसे अपवर्जित किया गया	ग्रामों के नाम व बन्दोबस्त क्रमांक		पुलिस थाने का नाम जिसे सम्मिलित किया गया
(1)	(2)		(3)
ग्वालियर	ग्राम/मोहल्ले का नाम	वार्ड/बन्दोबस्त क्र.	हजीरा
	हजीरा	11/80	
	गदाईपुरा	15/66	
	मल्लगढ़ा	8/366	
	सुभाष नगर	12/80	
	न्यू नरसिंह नगर	8/304	
	न्यू ग्रेसिम बिहार कालोनी	12/80	
	चौड़े के हनुमान कालोनी	8/304	
	संजय नगर	15/80	
	चंदनपुरा	16/80	
	कांचमिल कालोनी नं. 1, 2, 3	16/80	
	बिरला नगर लाईन नं. 1 से 14 तक 50 क्वाटर	16/80	
	सिमको लाईन	16/80	
	असिस्टेंट लाईन	16/80	
	जती की लाईन	15/80	
	रेशम मिल	16/80	
	रसूलाबाद	12/80	
	गोसपुरा नं. 1, 2	11/80	

क्र. 9361-2011.—मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस विभाग) मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के आदेश दिनांक 29 अगस्त 2011 पत्र क्र. एफ-2(क) 35-10-बी-3-2, राज्य शासन द्वारा जिला ग्वालियर के किलागेट थाना ग्वालियर के अन्तर्गत पुलिस चौकी हजीरा को उन्नयन कर थाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है. जिले के भीतर स्वीकृत थाने की सीमा के निर्धारण का अधिकार जिला स्तर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा जिला अभियोजन अधिकारी की समिति को प्रत्यायोजित किये गये है.

उक्तानुसार जिला स्तरीय समिति को प्रत्यायोजित अधिकारों का प्रयोग करते हुए नवीन पुलिस थाना हजीरा का क्षेत्र निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है. जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना हजीरा में थाना ग्वालियर का निम्नानुसार क्षेत्र रहेगा:—

पुलिस थाने का नाम (तहसील व जिला) जिसे अपवर्जित किया गया	ग्रामों के नाम व बन्दोबस्त क्रमांक		पुलिस थाने का नाम जिसे सम्मलित किया गया
(1)	(2)		(3)
ग्वालियर	ग्राम/मोहल्ले का नाम	वार्ड/बन्दोबस्त क्र.	हजीरा
	हजीरा	11/80	
	गदाईपुरा	15/66	
	मल्लगढ़ा	8/366	
	सुभाष नगर	12/80	
	न्यू नरसिंह नगर	8/304	
	न्यू ग्रेसिम बिहार कालोनी	12/80	
	चौड़े के हनुमान कालोनी	8/304	
	संजय नगर	15/80	
	चंदनपुरा	16/80	
	कांचमिल कालोनी नं. 1, 2, 3	16/80	
	बिरला नगर लाईन नं. 1 से 14 तक 50 क्वाटर	16/80	
	सिमको लाईन	16/80	
	असिस्टेंट लाईन	16/80	
	जती की लाईन	15/80	
	रेशम मिल	16/80	
	रसूलाबाद	12/80	
	गोसपुरा नं. 1, 2	11/80	

Name of Police Station and District from which excluded	Local area Name of Village and settlement/ Halka number	Ward No./ Surve No.	Name of Police Station (with Tehsil and District from which included)
(1)	(2)		(3)
Gwalior	Hazira	11/80	Police Station Hazira Tahsil Gwalior District Gwalior
	Gadaipura	15/66	
	Mallgadha	8/366	
	Subhash Nagar	12/80	
	New Narsingh Nagar	8/304	

(1)	(2)	(3)	(4)
	New Grasim Vihar Colony	12/80	
	Choude ke Hanuman Colony	8/304	
	Sanjay Nagar	15/80	
	Chandanpura	16/80	
	Kanch Mill, Colony No. 1, 2, 3	16/80	
	Birla Nagar Line No. 1, to 14, 50 Quarter.	16/80	
	Simko Line	16/80	
	Asistant Line	16/80	
	Jati ki Line	15/80	
	Resham Mill	16/80	
	Rasulabad	12/80	
	Gaushpura No. 1, 2	11/80	

आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2011

क्र. 914-जे.सी.-1-कलेक्टर-भोपाल-2011.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सरल क्रमांक 2) की धारा 2 के खण्ड एस, एवं शासन के आदेश क्रमांक एफ-2(क)-15-99-बी-3-दो, दिनांक 11 अक्टूबर 2004 तथा शासन के पत्र क्रमांक एफ-2(क)-9-08-बी-3-दो, दिनांक 30 जुलाई 2010 द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, तथा जिला अभियोजन अधिकारी की जिला स्तरीय समिति को प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए समिति की बैठक दिनांक 1 अक्टूबर 2011 में लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में नीचे दी सारणी में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व की अधिसूचना में आंशिक उपान्तरण करते हुए, राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने की तारीख से:—

एक नीचे दी सारणी के कालम (1) में उल्लेखित पुलिस थाने से उसके (सारणी के) कालम (2) में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करती है.

दो सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को सारणी के कालम (3) में उल्लेखित पुलिस थाने में सम्मिलित करती है.

सारणी

पुलिस थाने का नाम (तहसील तथा जिला सहित) जिसमें से अपवर्जित किया गया है.	स्थानीय क्षेत्र ग्राम/मोहल्ले का नाम एवं बन्दोबस्त/ वार्ड क्रमांक		पुलिस थाने का नाम (तहसील तथा जिला सहित) जिसमें से सम्मिलित किया गया है.
(1)	(2)		(3)
पुलिस थाना शाहजहांनाबाद, तहसील हुजूर, जिला भोपाल	ग्राम/मोहल्ले का नाम	बन्दोबस्त नं./वार्ड क्र.	पुलिस थाना निशातपुरा तहसील हुजूर, जिला भोपाल
	1. ग्राम नेवरी	वार्ड क्र. 69	
	2. संजीवनगर पुलिस कालोनी	वार्ड क्र. 69	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
निकुंज कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2011

क्र. 914-जे.सी.-1-कलेक्टर-भोपाल-11.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड 3 के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 914-जे.सी.-1-भोपाल-2011, दिनांक 1 अक्टूबर 2011 के द्वारा अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
निकुंज कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

Bhopal, the 1st October 2011

No. 914-J.C.1-Collector-Bhopal-2011.—In exercise of the powers conferred by clause(s) Section 2 of the code of Criminal procedure; 1973 (No. 2 of 1974) and Madhya Pradesh Home (Police) Department order number F-2(K) 15-99-B-3-two, dated 11th October 2004 and number F-2(K)-9-08-B-3-two, dated 30th July 2010 in compliance with decisions taken by the powers conferred to Committee of District Collector-SSP-DPO. in meeting Dated 1st October 2011 in partial modification of the previous notification in the specified local areas comprised in respective Police Stations mentioned in the Table below, the State government hereby which effect from the date of publication of this Notification in the Madhya Pradesh Gazette:—

1. Exclude form the Police Station mentioned in column (1) of the table below the local areas specified in column (2) there of and

2. Includes the local areas specified in column (2) of the said table in the Police Station mentioned in column (3) of the said Table:—

TABLE

Name of Police Station (with Tehsil and Distt.) from which excluded (1)	LOCAL AREA — Name of Villages and Settlement No, Ward No. (2)		Name of Police Station (with Tehsil and Distt.) from which included (3)
Police Shahjhanabad Tehsil Hujur, Distt. Bhopal.	Name of Villages	Settlement No.	Police Station Nishatpura Tehsil Hujur Distt. Bhopal
	1. Village Nevri	Bard No. 69	
	2. Sanjeew Nagar Police Colony	Bard No. 69	

By order and in the Name of the Governor of Madhya Pradesh,
NIKUNJ KUMAR SHRIVASTAVA, Collector & Ex-officio Dy. Secy.

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 अक्टूबर 2011

अधिसूचना क्र. भसकमं-योजना-2011-2697.—मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) नियम, 2002 के नियम 279 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, राज्य शासन के पूर्व अनुमोदन से, प्रसुविधाओं से संबंधित प्रक्रियात्मक तथा अवशिष्ट मामलों को अभिकथित करने वाली पूर्व में अधिसूचित मृत्यु की दशा में अन्त्येष्टि सहायता एवं अनुग्रह भुगतान योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना में पंजीकृत निर्माण श्रमिक की

स्थायी अपंगता में हितलाभ की स्वीकृति के अधिकार संबंधी सुसंगत कंडिकाओं में संशोधन कर क्षेत्रीय स्तर पर एतद्द्वारा यथा प्रत्यायोजित करता है, अर्थात्:—

1. निम्न सारणी के कॉलम (2) में उल्लेखित प्रभावशील योजना में कॉलम (3) में दर्शाए अनुसार योजना के अन्तर्गत अंकित स्वीकृतकर्ता अधिकारी के स्थान पर कॉलम (4) में दर्शाए गए स्वीकृतकर्ता अधिकारी को कॉलम (5) में अंकित निर्धारित सीमा तक के लिए स्वीकृति के अधिकार प्रत्यायोजित किए जाते हैं:—

सारणी

क्र.	योजना का नाम	योजना में अंकित स्वीकृतकर्ता अधिकारी का क्षेत्राधिकार एवं पदनाम	योजना में अंकित स्वीकृतकर्ता अधिकारी का क्षेत्राधिकार एवं पदनाम	स्वीकृतकर्ता अधिकारी को प्रदत्त हितलाभ की स्वीकृति की निर्धारित सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि सहायता एवं अनुग्रह भुगतान योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना में स्थायी अपंगता होने पर सहायता.	शहर क्षेत्र—कलेक्टर	शहरी क्षेत्र— (1) आयुक्त, नगर निगम, (2) नगरपालिका/नगर पंचायत के लिए अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व.	सारणी के कॉलम (2) में अंकित योजना में देय हितलाभ रुपये 75 हजार की सीमा तक. शेष अधिकार यथावत् रहेंगे.

यह अधिसूचना "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावशील होगी.

प्रभात दुबे, सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश

क्र. 1469-भू-अर्जन-C-11. सिंगरौली, दिनांक 4 अक्टूबर 2011

करारनामा

रजनीश गौड़ पिता स्व. श्री प्रेमप्रकाश गौड़ उम्र 40 वर्ष प्राधिकृत हस्ताक्षरी एवं एटार्नी जे.पी. पावर वेंचर्स लिमिटेड (जे.पी. निगरी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट निगरी, 2× 660 मेगावाट), पंजीकृत कार्यालय, जे. यू. आई. टी. काम्पलेक्स वाक्नाघाट, पी.ओ. धूमेहरबानी, कन्डाघाट, 173215, जिला सोलन (हिमांचल प्रदेश) के निमित्त बैराज निर्माण से डूब क्षेत्र में प्रभावित ग्राम निगरी एवं कटई की 66.927 हे. निजी भूमि के अर्जन बाबत्.

प्रथम पक्ष

मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग द्वारा कलेक्टर, जिला सिंगरौली

द्वितीय पक्ष

मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल के ज्ञापन क्रमांक एफ-12-20/06/सात/2-ए, भोपाल, दिनांक 15-3-2007 के अनुसार ग्राम निगरी, तहसील देवसर, जिला सिंगरौली में सुपर थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट) की स्थापना के निमित्त बैराज निर्माण से डूब प्रभावित भूमि के अर्जन हेतु प्रथम व द्वितीय पक्ष के मध्य निम्न शर्तों के अधीन भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 41 के तहत आज दिनांक 1-10-2011 को अनुबंध (करारनामा) निष्पादित करते हैं:—

1. भारत सरकार की वर्ष 2007 (अधिसूचित 31-10-07) की राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन नीति, मध्यप्रदेश शासन की पुनर्वास नीति एवं केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के समय-समय पर जारी निर्देश एवं शर्तें लागू होंगे. जिसका पूर्णत: पालन करते हुए पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन की कार्यवाही की जावेगी.

2. कम्पनी द्वारा जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, उनके परिवार के एक सदस्य को पात्रतानुसार नौकरी देने में प्राथमिकता देगी. अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिये पुनर्वास किये जाने की स्थायी योजना को संबंधित प्रोजेक्ट में शामिल किया जावेगा.

3. कम्पनी द्वारा भू-अर्जन अधिकारी देवसर के पत्र क्रमांक 371/भू-अर्जन/11, देवसर दिनांक 23-4-2011 के अनुसार 3 वर्षीय प्रशासकीय व्यय की अनुमानित राशि की 10 प्रतिशत राशि प्रशासकीय व्यय बतौर कुल राशि रुपये 4,79,51,805/- (चार करोड़ उन्यासी लाख इक्यावन हजार आठ सौ पांच रुपये मात्र) अग्रिम शासकीय कोष में भू-अर्जन अधिकारी देवसर, जिला सिंगरौली के नाम जमा की जा चुकी है.

4. संबंधित परियोजना को स्थापित करने के संबंध में संबंधित कम्पनी द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति एवं भारत सरकार की पुनर्वास नीति 2007 एवं अन्य निर्देश के अन्तर्गत पुनर्वास की कार्यवाही की जायेगी.

5. भूमि के किसी उपयोग या उस पर किसी निर्माण के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अनुमोदन एवं अनापत्तियां संबंधित एवं स्थानीय संस्थाओं जैसे नगर निगम, नगर तथा ग्रामीण निवेश विभाग, कलेक्टर आदि से प्राप्त करना होगा तथा मास्टर प्लान एवं पर्यावरण संस्था के नियमों आदि का पूर्ण पालन करना होगा.

6. अर्जित की गई उक्त निजी भूमि का वार्षिक व्यपवर्तन कर कंपनी द्वारा देय होगा.

7. भूमि जिस उपयोग के लिए अर्जित की जा रही है, वही उपयोग कंपनी द्वारा किया जायेगा.

8. भूमि पर निर्माण कार्य करते समय सामान्य जनता के निस्तार आदि का ध्यान रखा जावेगा.

9. कंपनी को दी गई भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण अथवा भवन आदि को बेचने, बन्धक रखने, दान देने, पट्टे पर देने या अन्य प्रकार से अन्तरित करने का अधिकार नहीं होगा. परन्तु परियोजना निर्माण के लिये ऋण प्राप्त करने हेतु कम्पनी को ऋणदाता के पक्ष में भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण को बन्धक रखने की पात्रता पूर्व अनुमति के पश्चात् होगी.

10. यदि कंपनी को दी गई भूमि/भवन या उसके किसी भी भाग को कम्पनी विक्रय करती है, तो भूमि अथवा उस पर निर्मित भवन, इमारतें शासन को अपने कब्जे में लेने का अधिकार होगा और कंपनी को किसी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा.

11. भूमि की केवल सतह का उपयोग किया जावेगा. आवश्यक निर्माण जैसे भवन निर्माण, नींव आदि के अतिरिक्त खुदाई नहीं की जावेगी तथा ऐसी खुदाई में प्राप्त खनिज एवं गौण खनिज पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान करना होगा.

12. शासन की पूर्वानुमति के बिना भूमि के उपयोग के स्वरूप को बदला नहीं जायेगा.

13. पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त आवश्यक वृक्षारोपण किया जायेगा.

14. प्रदूषण नहीं किया जावेगा. इस संबंध में संबंधित विभाग के आदेशों का पालन करना होगा तथा उनसे एवं प्रदूषण निवारण मण्डल से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा कि पर्यावरण, जल स्रोत या वायु प्रदूषण नहीं किया जायेगा.

15. यदि कभी भी उक्त भूमि का उपयोग उक्त प्रयोजन के लिये नहीं होता है या बाद में कभी भी बन्द कर दिया जाता है तो भूमि उस पर निर्मित भवनों, सम्पत्तियों के साथ शासन में निहित हो जायेगी और कम्पनी को मुआवजा देय नहीं होगा.

16. भूमि या उसके किसी भाग या उस पर बने किसी भवन आदि को उक्त उल्लिखित उपयोग के अलावा ना तो किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दिया जायेगा और ना ही पट्टे या किराये पर दिया जायेगा.

17. भूमि जिस प्रयोजन हेतु दी गई हो उससे भिन्न प्रयोजन हेतु उपयोग किये जाने से अनाधिकृत कब्जा मानकर भूमि शासन में निहित कर ली जायेगी.

18. शासन के प्रतिनिधि या कलेक्टर या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को भूमि के सही उपयोग तथा शर्तों के पालन की दृष्टि से कभी भी भूमि पर निर्मित भवन परिसर आदि के निरीक्षण करने का अधिकार होगा.

19. परियोजना से विस्थापित परिवारों को शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रथम पक्ष पूर्व से गठित ''जयप्रकाश सेवा संस्थान'' जो कि ट्रस्ट के रूप में गठित है के माध्यम से कलेक्टर से चर्चा कर कार्यवाही करेगा.

20 मौके की स्थिति या स्थानीय आवश्यकतानुसार भू-अर्जन की कार्यवाही के दौरान अन्य आवश्यक शर्तों का कम्पनी द्वारा पालन किया जाएगा.

21. भू-अर्जन की प्रक्रिया एवं अन्य कार्यवाहियों बाबत् शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जायेगा.

22. निजी भूमि अर्जन हेतु उक्त प्रस्तावित क्षेत्रफल में स्थित जो वृक्ष लगे हुए हैं जिन्हें काटने के लिये मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 240/241 के प्रावधानों का पालन करना होगा साथ ही मूल्यांकन के समय दुगने पेड़ वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से रोपण करना होगा तथा जिसकी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन कम्पनी द्वारा किया जाएगा. क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण में उसी प्रजाति के वृक्ष लगाए जाएंगे.

23. पक्षकारों के मध्य उत्पन्न भू-अर्जन से संबंधित किसी भी विवाद का निराकरण जिले में स्थित न्यायालय में किया जाएगा.

24. भू-अर्जन की मुआवजे की राशि रुपये 5 लाख प्रति एकड़ अथवा पुनर्वास नीति में उल्लिखित राशि में से जो भी अधिक हो कम्पनी से ली जावेगी.

विशेष शर्तें—

1. भू-अर्जन कार्यवाही से पूर्व यह भी देखा जाये कि यदि किसी अधिसूचित क्षेत्र के ग्रामों में निजी भूमि अर्जित की जा रही है तो PESA ACT के प्रावधान के अनुसार ग्राम सभा से राजस्व विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-12-46/97/सात-9, भोपाल, दिनांक 31-1-2000 के अनुशरण में परामर्श लिया जाएगा.

2. प्रस्तावित परियोजना में वन अभ्यारण्य क्षेत्र (SANCTUARY) का कोई हिस्सा नहीं आ रहा है.

हस्ता./-
(रजनीश गौड़)
प्राधिकृत हस्ताक्षरी एवं एटार्नी
जे. पी. पावर वेंचर्स लि.

हस्ता./-
(पी. नरहरि)
कलेक्टर
जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश.

क्र. 1471-भू-अर्जन-C-11. सिंगरौली, दिनांक 4 अक्टूबर 2011

करारनामा

रजनीश गौड़ पिता स्व. श्री प्रेमप्रकाश गौड़ उम्र 40 वर्ष प्राधिकृत हस्ताक्षरी एवं एटार्नी जे.पी. पावर वेंचर्स लिमिटेड (जे.पी. निगरी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट निगरी, 2× 660 मेगावाट), पंजीकृत कार्यालय, जे. यू. आई. टी. काम्पलेक्स वाक्नाघाट, पी.ओ. धूमेहरबानी, कन्डाघाट, 173215, जिला सोलन (हिमांचल प्रदेश) के निमित्त प्रभावित ग्राम निगरी की 1.259 हे. निजी भूमि के अर्जन बाबत्.

प्रथम पक्ष

मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग द्वारा कलेक्टर, जिला सिंगरौली

द्वितीय पक्ष

मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल के ज्ञापन क्रमांक एफ-12-20/06/सात/2-ए, भोपाल, दिनांक 15-3-2007 के अनुसार ग्राम निगरी, तहसील देवसर, जिला सिंगरौली में सुपर थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट) की स्थापना के निमित्त अर्जन हेतु प्रथम व द्वितीय पक्ष के मध्य निम्न शर्तों के अधीन भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 41 के तहत आज दिनांक 1-10-2011 को अनुबंध (करारनामा) निष्पादित करते हैं:—

1. भारत सरकार की वर्ष 2007 (अधिसूचित 31-10-07) की राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन नीति, मध्यप्रदेश शासन की पुनर्वास नीति एवं केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के समय-समय पर जारी निर्देश एवं शर्तें लागू होंगे. जिसका पूर्णत: पालन करते हुए पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन की कार्यवाही की जावेगी.

2. कम्पनी द्वारा जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, उनके परिवार के एक सदस्य को पात्रतानुसार नौकरी देने में प्राथमिकता देगी. अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिये पुनर्वास किये जाने की स्थायी योजना को संबंधित प्रोजेक्ट में शामिल किया जावेगा.

3. कम्पनी द्वारा भू-अर्जन अधिकारी देवसर के पत्र क्रमांक 370/भू-अर्जन/11, देवसर दिनांक 23-4-2011 के अनुसार 3 वर्षीय प्रशासकीय व्यय की अनुमानित राशि की 10 प्रतिशत राशि प्रशासकीय व्यय बतौर कुल राशि रुपये 9,67,547/- (नौ लाख सड़सठ हजार पांच सौ सैंतालिस रुपये मात्र) अग्रिम शासकीय कोष में भू-अर्जन अधिकारी देवसर, जिला सिंगरौली के नाम जमा की जा चुकी है.

4. संबंधित परियोजना को स्थापित करने के संबंध में संबंधित कम्पनी द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति एवं भारत सरकार की पुनर्वास नीति 2007 एवं अन्य निर्देश के अन्तर्गत पुनर्वास की कार्यवाही की जायेगी.

5. भूमि के किसी उपयोग या उस पर किसी निर्माण के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अनुमोदन एवं अनापत्तियां संबंधित एवं स्थानीय संस्थाओं जैसे नगर निगम, नगर तथा ग्रामीण निवेश विभाग, कलेक्टर आदि से प्राप्त करना होगा तथा मास्टर प्लान एवं पर्यावरण संस्था के नियमों आदि का पूर्ण पालन करना होगा.

6. अर्जित की गई उक्त निजी भूमि का वार्षिक व्यपवर्तन कर कंपनी द्वारा देय होगा.

7. भूमि जिस उपयोग के लिए अर्जित की जा रही है, वही उपयोग कंपनी द्वारा किया जायेगा.

8. भूमि पर निर्माण कार्य करते समय सामान्य जनता के निस्तार आदि का ध्यान रखा जावेगा.

9. कंपनी को दी गई भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण अथवा भवन आदि को बेचने, बन्धक रखने, दान देने, पट्टे पर देने या अन्य प्रकार से अन्तरित करने का अधिकार नहीं होगा. परन्तु परियोजना निर्माण के लिये ऋण प्राप्त करने हेतु कम्पनी को ऋणदाता के पक्ष में भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण को बन्धक रखने की पात्रता पूर्व अनुमति के पश्चात् होगी.

10. यदि कंपनी को दी गई भूमि/भवन या उसके किसी भी भाग को कम्पनी विक्रय करती है, तो भूमि अथवा उस पर निर्मित भवन, इमारतें शासन को अपने कब्जे में लेने का अधिकार होगा और कंपनी को किसी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा.

11. भूमि की केवल सतह का उपयोग किया जावेगा. आवश्यक निर्माण जैसे भवन निर्माण, नींव आदि के अतिरिक्त खुदाई नहीं की जावेगी तथा ऐसी खुदाई में प्राप्त खनिज एवं गौड़ खनिज पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान करना होगा.

12. शासन की पूर्वानुमति के बिना भूमि के उपयोग के स्वरूप को बदला नहीं जायेगा.

13. पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त आवश्यक वृक्षारोपण किया जायेगा.

14. प्रदूषण नहीं किया जावेगा. इस संबंध में संबंधित विभाग के आदेशों का पालन करना होगा तथा उनसे एवं प्रदूषण निवारण मण्डल से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा कि पर्यावरण, जलस्रोत या वायु प्रदूषण नहीं किया जायेगा.

15. यदि कभी भी उक्त भूमि का उपयोग उक्त प्रयोजन के लिये नहीं होता है या बाद में कभी भी बन्द कर दिया जाता है तो भूमि उस पर निर्मित भवनों, सम्पत्तियों के साथ शासन में निहित हो जायेगी और कम्पनी को मुआवजा देय नहीं होगा.

16. भूमि या उसके किसी भाग या उस पर बने किसी भवन आदि को उक्त उल्लिखित उपयोग के अलावा ना तो किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दिया जायेगा और ना ही पट्टे या किराये पर दिया जायेगा.

17. भूमि जिस प्रयोजन हेतु दी गई हो, उससे भिन्न प्रयोजन हेतु उपयोग किये जाने से अनाधिकृत कब्जा मानकर भूमि शासन में निहित कर ली जायेगी.

18. शासन के प्रतिनिधि या कलेक्टर या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को भूमि के सही उपयोग तथा शर्तों के पालन की दृष्टि से कभी भी भूमि पर निर्मित भवन परिसर आदि के निरीक्षण करने का अधिकार होगा.

19. परियोजना से विस्थापित परिवारों को शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रथम पक्ष पूर्व से गठित ''जयप्रकाश सेवा संस्थान'' जो कि ट्रस्ट के रूप में गठित है के माध्यम से कलेक्टर से चर्चा कर कार्यवाही करेगा.

20. मौके की स्थिति या स्थानीय आवश्यकतानुसार भू-अर्जन की कार्यवाही के दौरान अन्य आवश्यक शर्तों का कम्पनी द्वारा पालन किया जाएगा.

21. भू-अर्जन की प्रक्रिया एवं अन्य कार्यवाहियों बावत् शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जायेगा.

22. निजी भूमि अर्जन हेतु उक्त प्रस्तावित क्षेत्रफल में स्थित जो वृक्ष लगे हुए हैं जिन्हें काटने के लिये मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 240/241 के प्रावधानों का पालन करना होगा साथ ही मूल्यांकन के समय दुगने पेड़ वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से रोपण करना होगा तथा जिसकी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन कम्पनी द्वारा किया जाएगा. क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण में उसी प्रजाति के वृक्ष लगाए जाएंगे.

23. पक्षकारों के मध्य उत्पन्न भू-अर्जन से संबंधित किसी भी विवाद का निराकरण जिले में स्थित न्यायालय में किया जाएगा.

24. भू-अर्जन की मुआवजे की राशि रुपये 5 लाख प्रति एकड़ अधवा पुनर्वास नीति में उल्लेखित राशि में से जो भी अधिक हो कम्पनी से ली जावेगी.

विशेष शर्तें—

1. भू-अर्जन कार्यवाही से पूर्व यह भी देखा जाये कि यदि किसी अधिसूचित क्षेत्र के ग्रामों में निजी भूमि अर्जित की जा रही है तो PESA ACT के प्रावधान के अनुसार ग्राम सभा से राजस्व विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-12-46/97/सात-9, भोपाल, दिनांक 31-1-2000 के अनुशरण में परामर्श लिया जाएगा.

2. प्रस्तावित परियोजना में वन अभ्यारण्य क्षेत्र (SANCTUARY) का कोई हिस्सा नहीं आ रहा है.

हस्ता./-
(रजनीश गौड़)
प्राधिकृत हस्ताक्षरी एवं एटार्नी
जे. पी. पावर वेंचर्स लि.

हस्ता./-
(पी. नरहरि)
कलेक्टर,
जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश

क्र. 7708-प्रस्तु. -भू-अर्जन-2011-भू-अर्जन-राजस्व प्र.क्र. 1-अ-82-2011-12 छिन्दवाड़ा, दिनांक 5 अक्टूबर 2011

भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (1894 का क्रमांक 1) की धारा 41 के अन्तर्गत

अनुबंध–पत्र (करारनामा)

यह अनुबंध–पत्र प्रथम पक्ष के रूप में मध्यप्रदेश के राज्यपाल जिनकी ओर से कलेक्टर, जिला –छिंदवाड़ा एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग कार्य कर रहे हैं, (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "राज्यपाल" कहा गया है, जिस अभिव्यक्ति के अंतर्गत जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो उनके पद उत्तरवर्ती, और समनुदेशिति भी सम्मिलित हैं) तथा द्वितीय पक्ष के रूप में "मण्डला नार्थ कोल ब्लॉक" (जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड, जे.पी. नगर , पोस्ट रीवा मध्यप्रदेश) जो भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के अंन्तर्गत रजिस्टर्ड है, (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "कंपनी" कहा गया है) जिस अभिव्यक्ति के अंतर्गत जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो उनके विधिक प्रतिनिधि, निष्पादन पद उत्तरवर्ती और समनुदेशिति भी सम्मिलित है। जिसकी ओर से मुख्यत्यार–श्री के.आर. रघु महाप्रबंधक, जो जंय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के मण्डला नार्थ कोल ब्लॉक में कार्य कर रहे हैं, के मध्य आज दिनांक 05 अक्टूबर 2011 को संपादित किया जा रहा है।

1. कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन को (जिसे आगे राज्य शासन) कहा गया है, भारत सरकार कोल मंत्रालय द्वारा आबंटित "मण्डला नार्थ कोल ब्लॉक" (जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड, जे.पी. नगर , पोस्ट रीवा मध्यप्रदेश) को छिंदवाड़ा जिले की तहसील–परासिया के ग्राम–मण्डला बं.नं.–453 पं.ह.नं.–17/26 रा.नि.म. तहसील–परासिया, जिला छिंदवाड़ा की निजी भूमि रकबा–17.981 हेक्टेयर के माईन्स प्रयोजन के निमित्त प्रशासनिक भवन, सब एरिया मैनेजर ऑफिस, खान उत्खनन से संबंधित उपकम, मशीनरी, स्टोर, कैप लैम्प एवं सड़क आदि संकर्मो के निर्माण के लिए परिशिष्ट–1 उल्लेखित निजी भूमि स्वामियों की प्रस्तावित भूमि एवं उस भूमि पर स्थित संरचनाएं एवं स्थित परिसंपत्तियों के भू–अर्जन अधिनियम 1894 के प्रावधानों के अंतर्गत भू–अर्जन किये जाने हेतु आवेदन–पत्र पेश किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार परिशिष्ट–1 पर अंकित किया है :–

--::परिशिष्ट--1::--

जयप्रकश एसोसिएट्स द्वारा माईन्स प्रयोजन के निमित्त प्रशासनिक भवन, सब--एरिया मैनेजर ऑफिस, मैनेजर ऑफिस, खान उत्खनन से संबंधित उपक्रम एवं सड़क आदि निर्माण के लिए भू--अर्जन अधिनियम 1894 के अंतर्गत तहसील--परासिया के ग्राम--मण्डला बं.नं.--453 पं.ह.न. --17/26 का रकबा--17.981 हेक्टेयर निजी भूमि एवं उस पर स्थित संरचनाएं/परिसंपत्तियां की जानकारी :--

अनु.कं.	नाम भूमिस्वामी/पिता का नाम एवं जाति	प्रस्तावित खसरा नं.	कुल रकबा (हेक्टेयर में)	अर्जन हेतु कुल प्रस्तावित रकबा (हेक्टेयर में)	संपत्ति का विवरण (कैफियत)
1	2	3		4	5
1	चुन्नीलाल,रेखलाल पुत्रगण फुल्ला गौली निवासी ग्राम भूमिस्वामी	319	0.526	0.526	कच्चा--कुंआ--1 बबूल--01 पलाश--01
2	गरीबा पुत्र बालसा गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	330	0.049	0.049	निरंक
		331/3	0.611	0.611	निरंक
	योग :--	02	0.660	0.660	
3	सहतर पुत्र दुधे गौड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	331/1	0.210	0.210	बबूल--01
4	मनीराम कलीराम मेहतर सताप पतोल पुत्रगण ऊदे मु.रामकली पुत्री ऊदे गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	331/2	0.304	0.304	निरंक
5	उदीचन्द पुत्र बालसा गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	331/4	0.648	0.648	पलशा--06
		334/1	0.599	0.599	निरंक
	योग :--	02	1.247	1.247	
6	सहीलाल व. गुल्लू गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	332	1.704	1.704	कच्चा कुंआ--01 पलशा--01
		335	1.781	1.781	खैर--02 मोयन--01
	योग :--	02	3.485	3.485	
7	भुवनलाल पुत्र बिसनु मेहरा निवासी ग्राम भूमिस्वामी	333/1	0.461	0.461	पलशा--01
8	सुबनलाल पुत्र बिसनु मेहरा निवासी ग्राम भूमिस्वामी	333/2	1.214	1.214	पलशा--02 कहुआ--01
9	बलजीत सिंग पुत्र सुबनलाल मेंहरा निवासी ग्राम भूमिस्वामी	333/3	0.458	0.458	बबूल--03
10	ब्रजमोहन पुत्र भुवनलाल मेहरा निवासी ग्राम भूमिस्वामी	333/4	1.214	1.214	पलशा--01 बबूल--03 सेमर--02

11	हरीबा पुत्र वालसा गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	334/2	0.910	0.910	कच्चा मकान– 01 कच्चा कुंआ–1 पलाश–01 बबूल–02 रेतू–01 दूधमोंगर–01 झगड़ो–01
12	मुंसी पुत्र मंद्राजी मकूर पुत्रगण भागरत लेखराम मेखलाल पुत्रगण मकरन गौड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	337/1	0.931	0.931	कच्चा कुंआ–1 आम–03 रिंझा–01 बेर–02 रोहनी–01 रेतु–02 लेड़िया–02
13	मु. इन्दरवती पत्नि मकूर गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	337/2	0.364	0.364	भिलवा–01 पलाश–01 रींझा–02 बेर–03
14	मकुर पुत्र भागरत गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	337/3	0.526	0.526	बबूल–03
15	सिलेराम दुलेराम पिता गोरेलाल, सुबेदी बेवा गोरेलाल दसोदा गनपतिया बेवाऐं फूलचन्द कविलाल पिता फूलचन्द गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	338	2.314	2.314	कच्चा कुंआ–1 कच्चा मकान–03 आम–03 अमरूद–03 नींबू–01 बेर–02 रिंझा–01 पीपल–01 सिरस–01 बबूल–02 बांसभेड़ा–01 (85 नग)
16	सुरेश पुत्र सखाराम मुंशी मकरन पुत्रगण मंन्द्राजी गोंड़ निवासी ग्राम भूमिस्वामी	341	3.157	3.157	कच्चा कुंआ–1 महुआ–06 पलशा–01
कुल योग :–		19	17.981	17.981	कच्चे मकान–04 कच्चे कुंए–06 विभिन्न प्रजातियों के –75 वृक्ष

2. राज्य शासन ने नियमों के अनुसार आवश्यक एवं निर्धारित प्रकिया से जांच कर इस बात की संतुष्टि कर ली है, कि भारत सरकार कोल मंत्रालय द्वारा आबंटित "मण्डला नार्थ कोल ब्लॉक" माईन्स प्रयोजन के निमित्त संकर्मो के निर्माण आदि के लिए उक्त कोल उत्खनन परियोजना क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है.

3. कंपनी के भू–अर्जन आवेदन–पत्र के आधार पर राज्य शासन द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2010 को संपन्न भू–अर्जन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र कमांक/एफ–12–14/2010/सात/2ए/भोपाल दिनांक 11 अगस्त 2010 के अंतर्गत भू–अर्जन की सशर्त (विहित की गई शर्तो के अधीन) अनुमति प्रदान की गई है. इसका इस अनुबंध–पत्र में समावेश किया गया है.

4. कंपनी को प्रदत्त अनुमति की शर्तो के पालन में कंपनी को राज्यपाल के साथ भू–अर्जन अधिनियम 1894 की धारा–41 के अंतर्गत विहित किये गये प्रावधान अनुसार अनुबंध निष्पादित करना है. कंपनी की ओर से सहमत होकर यह अनुबंध–पत्र निष्पादित किया जाता है.

कंपनी निम्न प्रकार सहमत होकर घोषणा करती है, कि :–

(क) कंपनी राज्य शासन को अथवा राज्य शासन के द्वारा इस हेतु नियुक्ति व्यक्ति को ऐस समस्त राशि का अग्रिम भुगतान करेगी जो भू–अर्जन अधिनियम 1894 के प्रावधानों के अंतर्गत अवार्ड की राशि जो उक्त भूमि पर स्वत्वधारी व्यक्तियों को मुआवजे के रूप में भुगतान योग्य होगी.

(ख) कंपनी राज्य शासन को एसेसे सभी प्रभारों (खर्च) का भुगतान भी करेगी जो अधिनियम के अनुसार उक्त भूमि के भू–अर्जन कार्य से युक्तिसंगत संबंधित होगा.

(ग) उपर्युक्त (क) तथा (ख) में वर्णित समस्त भुगतानों के बाद ही राज्यपाल परिशिष्ट–1 में वर्णित निजी कृषि भूमि तथा उस पर स्थित संरचाएं /परियासंपत्तियां कंपनी को प्रदान करेगा.

1- छिंदवाड़ा जिले की तहसील–परासिया के ग्राम–मण्डला की निजी भूमि रकबा–17.981 हेक्टेयर के माईन्स प्रयोजन के निमित्त प्रशासनिक भवन, सब एरिया मैनेजर ऑफिस, खान उत्खनन से संबंधित उपक्रम, मशीनरी, स्टोर, कैप लैम्प एवं सड़क आदि संकर्मो के निर्माण हेतु कंपनी द्वारा प्रस्तुत किये गये भू–अर्जन आवेदन–पत्र के आधार पर राज्य शासन द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2010 को संपन्न भू–अर्जन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र कमांक/एफ–12–14/2010/ सात/2ए/भोपाल दिनांक 11 अगस्त 2010 के अंतर्गत भू–अर्जन की सशर्त (विहित की गई शर्तो के अधीन) स्वीकृति प्रदान की गई है.

(i) आवेदक कंपनी द्वारा भारत सरकार के द्वारा घोषित वर्ष 2007 अधिसूचित दिनांक 31/10/2007 के तहत राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन नीति लागू होगी जिसके अधीन आवेदक कंपनी द्वारा पुनर्वास एवं पुनर्विस्थापन की कार्यवाही विधिवत की जाए। मध्यप्रदेश शासन द्वारा यदि केन्द्र शासन की नीति के अलावा मध्यप्रदेश के लिए अन्य कोई शर्ते या निर्देश प्रसारित किये जाते हैं तो वे भी लागू किये जावेगें।

(ii) आवेदक कंपनी द्वारा (इस आशय की करारनामें या वचनबद्धता के अनुसार) जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, उनके परिवार के कम से कम एक सदस्य को पात्रतानुसार नौकरी देने में प्राथमिकता देगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिये पुनर्वास किये जाने की स्थायी योजना को संबंधित प्रोजेक्ट में शामिल किया जावेगा।

(iii) आवेदक कंपनी द्वारा भू–अर्जन अधिनियम के अंतर्गत भू–अर्जन की जा रही भूमि के मूल्यांकन के आधार पर शत्–प्रतिशत राशि के साथ 10 प्रतिशत राशि जमा कराये जाने के उपरांत ही कलेक्टर के द्वारा भू–अर्जन की कार्यवाही की जाए।

(iv) आवेदक कंपनी द्वारा संबंधित कंपनी के लिए भू–अर्जन किये जाने संबंधित कार्य संबंधित कलेक्टर्स के द्वारा भू–अर्जन अधिनियम तथा संबंधित विधिक उपबंधों एवं शासनादेशों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों तथा शर्तो के अनुसार किया जाए।

(v) आवेदक कंपनी द्वारा संबंधित परियोजनाओं को स्थापित करने के संबंध में संबंधित कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति के अन्तर्गत पुनर्वास की कार्यवाही की जायेगी।

